जनता कॉलेज बकेवर, इटावा, में राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर व रोवर्स रेंजर के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

जनता कॉलेज बकेवर, इटावा, में राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर व रोवर्स रेंजर के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जन जागरूकता रैली को कालेज के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी जी तथा नगर पंचायत बकेवर के अधिशासी अधिकारी श्री अजय कुमार जी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में छात्रों के उद्बोधन में मतदाता जन जागरूकता अभियान के तहत लोकतांत्रिक अधिकार के प्रयोग के महत्व को बताया। तथा कहा कि आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन दिनांक 20 फरवरी 2022 को होना है जिसमें आप लोग 100% मतदान करने का संकल्प लें। छात्रों ने रैली में स्लोगन द्वारा 'मैं मतदान करूंगा', 'पहले मतदान फिर कोई काम-', 'मतदान करना जरूरी है यह मेरी नैतिक जिम्मेदारी है ', लोकतंत्र का भाग्य विधाताहोता है जागरूक मतदाता -, लोकतंत्र का यह आधार वोट ना हो कोई बेकार , वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, आदि से जागरूक किया। रैली का शुभारंभ कॉलेज के गेट नंबर 2 से शुरू होकर बकेवर कस्बे में जागरूक करते हुए कॉलेज के थाना गेट पर इस रैली का समापन किया गया। रैली में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के प्रभारी डॉ एमपी सिंह ., राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज यादव , राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रभारी डॉ ब्रह्मानंद जी , डॉ एम पी यादव ,डॉ पीके राजपूत, डॉ एके पांडेय, डॉ डीएन सिंह, डॉ आदित्य कुमार, डॉ डीमिश्रा .जे., श्री गजेंद्र सिंह, श्री अजीत अग्निहोत्री, श्री जय वीर सिंह,श्री मनोज दीक्षित तथा स्वयंसेवक सुमित कुमार, सूरज कुमार, संदीप, प्रियदर्शनी, एकता आदि उपस्थित रहे।

I WILL VOTE

राष्ट्रीय सेवा योजना
मतदाता जागरूकता अभियान / रैली
धन्यवाद
I WILL VOTE